अल्ट्रासाउंड 100/-
(* 3 मरीज / प्रत्येक दिन)
गुलाबी राशन कार्ड व पीले राशन कार्ड धारकों के लिए
मुफ्त अल्ट्रासाउंड
गर्भवती महिलाओं के लिए फ्री वाली पर्ची डिस्पेंसरी से लाना जरूरी है
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
Shanti Imaging Center
27, Opp. Old Session Court Bank Colony, Ambala City
70823-03027, 70823-03031

खबरें छुपाता नहीं छापता है
अंबाला का नं. 1
सिटी मीडिया
सांध्य दैनिक
छात्रों की सहायता ही सिटी मीडिया का उद्देश्य

RAJU SIR'S
PROFESSIONAL STUDY CENTRE
CLASS XI & XII & JEE/NEET
PHYSICS & MATHS
Er. Rajinder Rohilla
B.Tech in Electrical Engg.
Expert in Making in Strong Basse & School Toppers for Entrance Exams From last 24 years
H.NO.1391P, SECTOR 10 A/CITY- 98960-93598

भगत ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल
NABH
DR. MUKESH KUMAR (Gold Medalist) Consultant Orthopaedic Surgeon
CASHLESS FACILITIES AVILABLE | MAJOR HEALTH INSURANCE & TPA COMPANIES | AYUSHMAN BHARAT
Opp. Sai Mandir, Jalbera Road, A/City. 0171-29897297, 74949-14293

MARUTI SUZUKI
M.A.S.S. HIRA MOTORS (NEWLY OPENED MARUTI SUZUKI WORKSHOP AT AMBALA CITY)
CAR SERVICE | WHEEL ALIGNMENT | DENTING & PAINTING | CAR DETAILING | SPARE PARTS
डिफेंस पर्सन को लेबर पर मिलेगा 30% डिस्काउंट
AMBALA-CHD. HIGHWAY BALDEV NAGAR, A/CITY. 92552-85212, 89504-35197

R.N.I.No.71215/98 ♦ वर्ष: 28 अंक: 295 मंगलवार, 29 अप्रैल 2025 ♦ मूल्य:1.50 रुपये (मासिक 40 रुपये) E-mail:citymedia1@gmail.com/ Website : www.citymediaambala.com / City Media Office Manav Chowk,A/City 0171-2533033-94165-33033

सिटी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया गहन चेकिंग अभियान

पहलगाम हमले के बाद से लगातार चलाए जा रहे चेकिंग अभियान-एचएचओ सतपाल

अंबाला (सिटी मीडिया) पहलगाम हमले के बाद से पूरा हरियाणा अलर्ट पर है। जिसके चलते आज जीआरएपी एसपी नीतिका गहलोत के निर्देशानुसार अंबाला छावनी, अंबाला शहर व धूलकोट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी एसएचओ सतपाल के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर को पूरी तरह से चेक किया गया और यात्रियों के सामान की जांच भी की गई। एसएचओ सतपाल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद से लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा को पहले से भी ज्यादा सख्त कर दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि आज अंबाला शहर स्टेशन पर उनकी पूरी टीम ने चेकिंग अभियान चलाया।

सबसे पहले स्टेशन की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की चेकिंग की गई और बिना किसी काम से खड़े लोगों को बाहर जाने की हिदायत दी गई। वहीं उसके बाद रेलवे टिकट काऊंटर व पूछताछ केंद्र में भी चेकिंग की गई और टिकट लेने आए यात्रियों को जीआरपी की सुरक्षा नीतियों से अवगत करवाया। जिसके बाद रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों के बैग चेक किए गए और उन्हें हिदायत दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति या वस्तु को देखते ही उसकी सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें या डायल-112 पर संपर्क करें।

यात्रियों को डायल-112 की जानकारी दी

प्रेस से बात करते हुए एसएचओ सतपाल ने बताया कि पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद से पूरा हरियाणा अलर्ट पर है। ऐसे में जीआरपी एचपी नीतिका गहलोत के निर्देशानुसार अंबाला छावनी, अंबाला शहर व धूलकोट रेलवे स्टेशन पर गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं इस दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई और उन्हें कहा गया कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति दिखता है तो उसकी जानकारी तुरंत रेलवे प्रशासन या डायल-112 पर सूचना दें।

रेलवे लाईन पार कर रहे यात्रियों को समझाया

इस दौरान जीआरपी एचएचओ के साथ टीम ने रेलवे लाइन के आस-पास भी चेकिंग अभियान चलाया और रेलवे लाइन पार कर रहे लोगों को रोका और समझाया कि ऐसा करके वह अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने लोगों को कहा कि आपकी सहूलियत के लिए रेलवे ने अंडरपास बनवाया है, रेलवे लाइन पार करने के लिए अंडरपास का प्रयोग करें। जिस पर लोगों ने कहा कि रेलवे के अंडरपास में पानी भरा रहता है, जिसके कारण उसमें से निकलना मुश्किल होता है, वहीं ई रिक्शा चालक अंडरपास पार करवाने के नाम पर 20 रुपए तक ले लेते हैं, जिसके कारण जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है।

चौड़मस्तपुर व मुज्जफरा में आग लगने से 100 एकड़ फसल अवशेष जले

पहलगाम हमले के बाद से लगातार चलाए जा रहे चेकिंग अभियान-एचएचओ सतपाल

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला के चौड़मस्तपुर और मुज्जफरा गांव के लगभग 100 एकड़ के खेतों में फसल अवशेष जल गए। सुबह करीब 9:30 बजे यह आज शुरू हुई और तेज हवाओं के चलने से पूरे में फैल गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस घटना में गेहूं की फसल के अवशेष जलकर राख हो गए हैं।

किसान सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे गांव मुजफ्फरपुर में यह आग शुरू हुई थी और तेज हवा के चलने से यह आग लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में फैल गई। आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा

डीएफओ पंकज पराशर के अनुसार, आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना की थीं। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया। आग बुझाने में सबसे ज्यादा परेशानी तेज हवा के चलते हुई। तेज हवा के चलने से आग दूर तक फैलती जा रही थी। लेकिन फिर भी दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया है कि इससे दोनों गांव के कई किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान सुनील शर्मा ने बताया कि फसल अवशेषों से जानवरों के लिए भूसा बनवाया जाता है। जिससे किसानों का फायदा होता है। लेकिन अवशेष जलने से अब यह नुकसान में तब्दील हो गया है। साथ ही किसानों को अपने जानवरों के लिए अलग से भूसा खरीदने की आवश्यकता पड़ेगी।

मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों के अनुसार, यह आग बिजली के तारों से लगने की आशंका है। हालांकि अब इस मामले में आग के कारणों की जांच भी की जाएगी। इसके बाद ही कुछ स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि खेतों के पास से काफी नीचे स्तर पर बिजली की लाइन जा रही हैं। यही प्रमुख कारण हो सकता है कि जिससे आग लगी हो।

सिटी मीडिया के 28वें वर्ष में प्रवेश करने पर अपना विज्ञापन आज ही बुक करवाएं

आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि जिला अम्बाला के कोने-कोने तक पहुंचने वाला सिटी मीडिया सांध्य दैनिक 18 मई दिन रविवार 2025 को 28वें वर्ष में प्रवेश करने पर एक विशेषांक प्रकाशित कर रहा है जिसमें आप अपने संस्थान का विज्ञापन अथवा बधाई संदेश प्रकाशित करवा कर लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं ताकि हम पूरा वर्ष आपके संस्थान के विभिन्न समाचार निसंकोच प्रकाशित कर सकें। सिटी मीडिया में आपके विज्ञापन से कई जरूरतमंद बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा जो सांय अखबार बांट कर अपनी पढ़ाई का खर्च खुद निकालते हुए आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

संपर्क करें - 9416533033

डाक विभाग की तरफ से आधार सेवा केंद्र में नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) डाक विभाग अंबाला के प्रवर अधीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना दी कि डाक विभाग द्वारा अपनी अन्य सेवाओं के साथ साथ आधार संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जा रही है। जिसके लिए जिले मे आधार केंद्र सुचारु रूप से चल रहे है।

यह आधार सेवा केंद्र नागरिकों को आधार से संबधित विभिन्न सेवाएँ प्रदान कर रहे है, जिनमे नए आधार का नामांकन, आधार मे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, फोटो आदि का सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य सहायता शामिल है। यह सेवा अंबाला जीपीओ एवं अंबाला शहर प्रधान डाकघर मे प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा प्रदान की जा रही है। इन दोनों केन्द्रो पर कार्य दिवसो मे सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक उठा सकते है। इन केन्द्रो मे नागरिकों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था, बैठने की सुविधा एवं पीने का पानी की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में या शहरी वार्ड में (यदि 50 या 50 से अधिक लाभार्थी उपलब्ध हो) कोई आधार सेवा केंद्र का कैंप लगवाना चाहता है तो ग्राम सरपंच/ नगर पार्षद के माध्यम से कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रथम तल, अंबाला जीपीओ भवन, अंबाला-133001, 0171-2645727 में संपर्क करें।

गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी- डीसी अजय सिंह तोमर

अंबाला (सिटी मीडिया) उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें।

राबी-ब्यास-सतलुज के पानी का विकल्प बनेगी सरस्वती नदी- हरियाणा सरकार

चंडीगढ़ (सिटी मीडिया) राजस्थान की मरुभूमिमें सरस्वती नदी सिंचाई का माध्यम बनेगी। राबी-ब्यास-सतलुज के पानी से राजस्थान की सूखी धरा को तरबतर होगी। राजस्थान सरकार और हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड मिलकर सिंचाई का एक्शन प्लान तैयार करेगी। दोनों सरकारों की हरी झंडी मिलते ही सरस्वती की खुदाई पर काम शुरू हो जाएगा। आदीब्रदी से निकलकर हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से होते हुए गुजरात के कच्छ में समाहित होने वाली सरस्वती नदी की खोई हुई पहचान वापस लौट रही है। हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच सरस्वती को पुनर्जीवित करने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान जयपुर में राजस्थान सरकार और हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के बीच बैठक हुई।

बैठक में राजस्थान के सिंचाई मंत्री सुरेश रावत और हरियाणा सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच मौजूद रहे।

चोरी के आरोपी लक्की व लवीश जेल भेजे

अंबाला (सिटी मीडिया) चोरी के मामले में गिरफतार डेहा कालोनी अंबाला शहर के लक्की व लवीश को अदालत में पेश करने पर जेल भेज दिया गया। आरोपियों के खिलाफ दलबीर सिंह गांव मानकपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी। कि 26 अप्रैल को अज्ञात आरोपी ने गाँव मानकपुर अम्बाला शहर में स्थित उसके घर में घुसकर अलमारी से सोना-जेवरात व नकद राशि चोरी कर ली है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उक्त दोनों आरोपियों को गिरफतार किया। दोनों युवकों को कोर्ट में पेश करने पर जेल भेज दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि लक्की डेहा कालोनी लाहौर गेट नाभा पटियाला का रहने वाला है। और इन दिनों शहर के मनमोहन नगर में रह रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

AMBALA WELLNESS CENTER & DIABETES CLINIC
DR. NUPUR MITTAL (MBBS,MRCGP, DFSRH, DRCOG, D DIAB, DGM)
डा. नूपुर पिछले 21 सालों से इग्लैंड में सेवाएं दे रही थी, अब अंबाला शहर में
SUGAR | HEART PROBLEM | HIGH BP | KIDNEY PROBLEM
बुजुर्ग लोगों की बीमारियां जैसे याद्दाश्त कम होना, हाथ पांव कांपना, चलने फिरने में दिक्कत, आदि बीमारियां का ईलाज संभव
BADA THAKUR DWARA, NEAR JP HOSPITAL: 9996212127

मिड डे मील वर्कर्स 20 मई को वेतन बढोतरी की मांग को लेकर करेगें राष्ट्रव्यापी हड़ताल

अंबाला (सिटी मीडिया) सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) से सबधित मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की हुई जिला कमेटी बैठक के बाद प्रधान ललिता खन्ना व सचिव सोनिया ने कहा कि पक्की नौकरी व न्यूनतम वेतन 26 हजार रू की मांग को लेकर 20 मई को वर्कर्स स्कूलों में दोपहर का भोजन नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से केंद्र व प्रदेश सरकार उनकी मांगो की लगातार अनदेखी कर रही है। कम छात्र संख्या के नाम पर स्कूलों को बंद कर वर्कर्स को काम से हटाया जा रहा है। वर्कर्स की साल में 12 महीने का वेतन देने की मांग पर चुप्पी साध ली गई है ऊपर से दस महीने के मिलने वाले वेतन को भी किश्तो में दिया जाने लगा है। यही नहीं अप्रेल महीना खत्म हो गया, परन्तु अभी तक मार्च महीने का भी वेतन नहीं मिला है। इसलिए मजबूर होकर वर्कर्स ने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के कार्यलय में हुई बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पहलगाम में हुए बर्बर हत्याकांड की निंदा कर आंतकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने। इसके इलावा नफरत फैलाने वाले असमाजिक तत्वों से सचेत रहने व सभी समुदायों से एकता बनाकर रखने की भी अपील की गई। सीटू नेता सतीश सेठी व सर्व कर्मचारी संघ के नेता महावीर पाई ने कहा कि जब काम पक्का है तो रोजगार भी पक्का होना चाहिए। परन्तु केंद्र व प्रदेश सरकार वर्कर्स के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

मिड डे मील यूनियन नेताओं ने कहा कि उक्त के इलावा वर्कर्स की रिटायरमेंट उम्र 65 साल करने, सेवा निर्वति पर 2 लाख रू ग्रेच्युटी देने, वर्दी भता बढ़ाने, दुर्घटना बीमा योजना लागू करने, हर महीने दो अवकाश देने, मेडिकल साल में एक बार करने, मिड डे मील योजना का 12वी कक्षा तक विस्तार करने व बेगार प्रथा पर रोक लगाने इत्यादि मांगो को लेकर मजदूर दिवस पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा। बैठक में उक्त के इलावा रेणु बाला, सोनिया , सुषमा व मीना बेगम ने भी अपने विचार रखें।

अंबाला से 5000 किलोमीटर की मखाना क्रांति यात्रा का हुआ शुभारंभ

अंबाला (सिटी मीडिया) कृषि क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए अंबाला से मखाना क्रांति यात्रा की शुरूआत हो गई है। यह यात्रा किसानों को मखाना की खेती के लिए प्रेरित करने और इसके महत्व को देशभर में फैलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है मखाना क्रांति यात्रा की शुरूआत हो चुकी है।

इस अभियान के आयोजक साहा स्थित ब्लैंकेट के वरुण गुप्ता, जो पिछले 14 वर्षों से मखाना की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।" यह यात्रा लगभग 25 दिनों तक की जाएगी वरुण गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा कई जिलों में से होकर लुधियाना होते हुए बिहार की राजधानी पटना तक जाएगी। इस यात्रा के दौरान 26 दिनों में 26 शहरों से होकर लगभग 5000 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। जिला अंबाला के खंड क्षेत्र साहा में कार्यक्रम के आयोजक वरुण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले 14 वर्षों से मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम करते रहते हैं

VISHWAS INTERNATIONAL STUDY ABROAD
VISHWAS International
"Creating Transparent Border"
STUDY IN UK & USA
19/9-18/10
GAP ACCPETABLE WITH OR WITHOUT IELTS
APPLY FOR NEXT INTAKE
PAYMENT AFTER VISA
MD Mukesh Bharara
2nd Floor, Sangeeta Complex, Prem Nagar
Opp. Reliance Digital Ambala City - 7710-380-380

M.M. HOSPITAL
(DR. SANJAY AGGARWAL)
में नई फैसिलिटी किड़नी की पत्थरी से छुटकारा पाए, अपनाएं RIRS
10/3-9/4
* न कोई चीरा न कोई छेद
* दर्द रहित प्रक्रिया
* जल्दी डिस्चार्ज होना
* जल्दी काम पर वापसी
डॉ. संजय अग्रवाल (एमबीबीस, एम.स, फ. ऍम.ऐ.स)
डॉ. आदिति सिंगला (एमबीबीएस, एम.एस ओबीएस व गायनी)
डॉ. वाणी अग्रवाल (एमबीबीस, एम.स, चेस्ट व टीबी) कनसलटेंट चेस्ट फिजीशयन
नार्मल डिलीवरी व आप्रेशॅन की सुविधा उपलब्ध है
एम.एम. हॉस्पिटल
6, पुलिस लाइन नजदीक ऐपी रेजीडेंसी अंबाला शहर- 99968-92133

बेरोजगार संपर्क करें -
सिटी मीडिया में क्लार्क में पेज लगाना सीखें व साथ में पाएं 7500 रुपए महीना।
इच्छुक बेरोजगार लड़के/लड़कियां जिन्हें हिन्दी टाइपिंग की जानकारी हो वही संपर्क करें।
सिटी मीडिया कार्यालय मानव चौंक अ/शहर 94165-33033

100% सोया वेज अब सैक्टर-9 में
SOYA AMAZING JUNCTION
AN INTERNATIONAL STANDARD FOOD
अंबाला में पहली बार 1 किलो दाल-मखनी मात्र- 199/-
1 किलो शाही पनीर मात्र- 349/-
1 किलो कड़ाही पनीर मात्र- 349/-
1 किलो मिनी डॉलर चना मसाला मात्र- 149/-
1 किलो चॉप ग्रेवी मात्र- 299/-
और भी व्यजंन किलो के हिसाब से खरीदें, स्पेशल आफॅर के लिए संपर्क करें
खुद भी खाएं परिवार को भी खिलाएं मेहमान आए तो उनके साथ पार्टी मनाएं
हमारा क्वालिटी से कोई समझौता नहीं
शादियों-पार्टियों के लिए विशेष प्रबंध है
Sector-9, Near SBI Bank Ambala City
81689-45766, 90340-66560

अंबाला शहर, अंबाला छावनी में ऐसा कोई जरूरतमंद छात्र है जो स्कूल की फीस नहीं दे सकता, वह सांय 1 घंटा सिटी मीडिया अखबार बांटकर 3 से 4 हजार रुपये मासिक कमा कर अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकता है।
संपर्क करें-94165 33033

HOTEL 5 TAARA
PURE VEG
HAPPY HOUR MEAL
BUY 2 GET 3 ON
4:00 PM TO 7:00 PM
160/- STUFFED SWEETCORN GARLIC BREAD
320/- SPECIAL PALAK PANEER
199/- DESI GHEE WALI DAAL
SPECIAL DISCO STYLE PARTY HALL
BIRTHDAY, RING CEREMONY, ANNIVERSARY
REQUIRED ACCOUNTANT
सिटी मीडिया की इस कटिंग के साथ 15% डिस्काउंट पाएं
MANAV CHOWK, NEAR MICKY COMMUNICATION
AMBALA CITY- 7015011134